WELCOME TO PARLIAMENTARY DELEGATION FROM MALAYSIA

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, I have an announcement to make. We have with us seated in the Special Box, Members of the Parliamentary Delegation from Malaysia currently on a visit to our country under the distinguished leadership of His Excellency Tan Sri Dato' Seri Diraja Ramli Bin Ngah Talib, Speaker of the House of Representatives of Malaysia.

On behalf of the Members of the House and on my own behalf, I take pleasure in extending a hearty welcome to the Leader and other Members of the Delegation and wish our distinuished guests an enjoyable and fruitful stay in our country. We hope that during their stay here they would be able to see and learn more about our parliamentary system, our country and our people, and that their visit to this country will further strengthen the friendly bonds that exist between India and Malaysia. Through them, we convey our greetings and best wishes to the Parliament and the friendly people of Malaysia.

SUSPENSION OF QUESTION HOUR TO DISCUSS CLASHES BETWEEN POLICE AND WORKERS OF HONDA MOTOR-CYLES AND SCOOTERS INDIA IN GURGAON-Contd.

SHRI DINESH TRIVEDI (West Bengal): Thank you, Mr. Chairman, Sir. My esteemed colleagues have already expressed their anguish cutting across party lines. I do not think I have very much to add to that. I will be extremely brief in expressing my anguish. Sir, you have very rightly asked why the Question Hour should be suspended. I thought this was a very sad incident as so long, in accordance with that, we had been carrying with that in this House. But this laughter, somehow, spoils the environment and I am not going to brood over that.

Sir, this is a symptom of cancer which is brewing in the society. I am not here to demand for anybody's resignation because that is not the answer. Sir, many times, it is said that a picture is much more worth than a thousand words. This is where I would like to compliment the Indian media, especially the electronic media. The entire country has witnessed this unfortunate mayhem which took place yesterday in Gurgaon.

Sir, the strength of this House is, whenever such an incident takes place, the House is one. Today also, cutting party lines, it is one. I have no doubt, my colleagues in the Treasury Benches are equally anguished. This is the strength of our democracy. Sir, without the country, this

Parliament does not have much meaning and the reason why Question Hour should be suspended forthwith is, the country is agitated about this situation. Sir, it is not a mere coincidence that wherever we go, people just talk about, which my colleague, Mr. Ahluwalia and others have mentioned, colonial rule, which reminds us of General Dyer and Jalianwala Bagh. I went to the spot and believe me, it is a repetition of the same incident, which is so sad.

[MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair]

The only difference here is, when it came to Jalianwala Bagh, it was the colonial raj; they were foreigners. And, today, unfortunately, these are our own people. Those who are getting beaten up and those who are brutally beating are all Indians. This is where I feel a cancer is brewing in the society.

Sir, what a tragic scene we saw on the television! A young man is lying down, heart massage is given to him, mouth to mouth respiration is being conducted. For what fault of his? He is somebody's son, he is somebody's brother and he is somebody's aspiration. Sir, for a minute if we go back and think that they were our own - which they are - kith and kin, would we also react in the same way that let there be an inquiry. Of course, there should be an inquiry. But, Sir, I personally feel that this is a symptom and my collegaue rightly mentioned that there has to be a reform and I am totally for that also. But then, we talk about a reform with human face. Sir, if this is what the human face of reform is, I don't want that reform. This is barbaric, this is unpardonable and if you ask me, Sir, this is a wake-up call for the entire country and the entire Parliament. I think, we must go beyond this and the Question Hour definitely needs to be suspended. Beyond that, we have got to find out solutions for this cancer. Sir, if there is a pimple on the face because of a cancerous germ in the stomach, we can't just treat the pimple on the face, we have to treat the cancer and I am glad that the entire House is one and I see some solutions definitely will come out. Sir, lastly there are lot of reports on police reform. Padmanabhaiah Committee has seen that.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That we can discuss later.

SHRI DINESH TRIVEDI: I think, somewhere down the line we have got to debate and we cannot brush aside this incident and I feel that this is one of the saddest days in our democracy. Today, India is what India is

because of non-violence. Anybody in the world watching that scene, I don't think will say that India is non-violent. But, I believe that this non-violence will be proved one day and a solution will come out of this Parliament. Thank you very much, Sir.

SHRI FALI S. NARIMAN (Nominated): Sir, I sit on a bench which has no party affiliations. None of my colleagues nor I have I share this great anguish with all Members of the House. But, Sir, it is not merely what we saw in the media yesterday and, of course, as my friend rightly said, "Thank God for the media; otherwise we would never have known the brutal atrocity". But it is not merely an inquiry. They say let there be an inquiry. Yes, yes, of course, let there be an inquiry. But, Sir, I say to all Memebrs of this House, let there be more sensitivity of people in authority over other peoples' needs. We are totally insensitive, whether it is Government on the right or the Government on the left or the Government at the centre. We are totally insenstive when we are in a position of authority to the people's need. Take the present day incident for instance, Sir. Everyone is speaking of the police atrocity. Of course, there must be an inquiry. Of course, people have to account for it. But what about the sensitivity, the lack of perception of those who were in power in the State, the Chief Minister, the Labour Minister, the Labour Secretary. What has happened in the last eight to ten weeks where those people were agitating against their dismissal or removal from service? Someone should have intervened. We never intervene until some brutality takes place, some violence takes place. Why are we like this? That is the matter for introspection in this House. Quite frankly, Sir, everybody condemns everything that happens. But, then, we have to look inwards at ourselves because when we are in authority, I am afraid, we stamps our foot on those who are not and that is what, Sir, we have to guard against. Thank you.

श्री जनार्दन द्विवेदी (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली): उपसभापति जी, निस्संदेह कल जो कुछ भी घटित हुआ, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था। उस पर माननीय सदस्यों ने जो भावनाएं व्यक्त की हैं, पूरा सदन उससे सहमत है और मैं भी उसमें अपनी भावनाएं जोड़ रहा हूं। लेकिन इस तरह की घटनाएं न हों, इसके लिए बहुत सारी बातें कही गई हैं। मैं समझता हूं कि किसी एक घटना को लेकर इतनी उत्तेजना हो कि न जाने कहां-कहां की तुलनाएं की जाएं, इस तरह की प्रवृत्ति हमको बहुत बार विवेक से दूर ले जाती है। यह जो सारा सिलसिला चल रहा है, यह आज की बात नहीं है। आजादी के बाद से लेकर आज तक, भारतीय लोकतंत्र के प्रशासन में जिस तरह के परिवर्तन होने चाहिए थे,

वे पूरे परिवर्तन नहीं हुए। यह प्रश्न इस पक्ष या उस पक्ष का नहीं है। कई दशकों पहले दूसरे पक्ष के लोग भी शासन में थे, उस समय भी कुछ होना चाहिए था। हम लोग भी आंदोलन के रास्ते से राजनीति में आए हैं। हमको भी मालूम है कि उसकी क्या-क्या कठिनाइयां होती हैं। ऐसे प्रयास, कानूनों में परिवर्तन के प्रयास, व्यवस्था में परिवर्तन के प्रयास, कुछ और पहले हो जाने चाहिए थे। माननीय महोदय, मैं एक बात यह भी कहना चाहता हूं कि यह जो सत्ता और व्यवस्था है, इसका मूल चरित्र ही अपने में कुछ दोषपूर्ण होता है। यह संस्था ही ऐसी है। दुनिया में सब जगह होता है और इस तरह की घटनाएं बहुत बार हुई हैं। ...(व्यवधान)...

श्री कृपाल परमार (हिमाचल प्रदेश): आप जस्टिफाई करेंगे? ...(व्यवधान)...

श्री जनार्दन द्विवेदी: मजदूर ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: आप बैठिए। ...(व्यवधान)... उनको बोलने दीजिए। ...(व्यवधान)...

श्री रुद्रनारायण पाणि (उड़ीसा): ये इतना ही कहेंगे, ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: आप बात सुनिए। ...(व्यवधान)... आप बैठिए। ...(व्यवधान)... देखिए, आप खामोश बैठिए। ...(व्यवधान)... उनकी बात भी तो सुनिए। ...(व्यवधान)... यह गलत बात ...(व्यवधान)...

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: ये क्या बोल रहे हैं? ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: वे उनकी बात करेंगे। ...(व्यवधान)...

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: ऐसी बात करेंगे? ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: बैठिए, प्लीज। देखिए इसमें वक्त बेकार मत कीजिए। उनको अपनी बात बोलने दीजिए। आपको जो कहना है, आप कह दीजिए।

श्री जनार्दन द्विवेदी: जिस बात की तरफ ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: अब उनको बोलने दीजिए।

श्री जनार्दन द्विवेदी: जिस बात की तरफ मैं इशारा कर रहा था, इस तरह की बातें, चर्चा और रातों-रात जो क्रांति और परिवर्तन की बातें होती हैं, ऐसी घटनाएं बहुत से प्रदेशों में हुई हैं, मैं इसको जस्टिफाई नहीं कर रहा हूं। मैंने पहले ही कहा है कि कोई भी संवेदनशील व्यक्ति, जो कमज़ोर के साथ है, गरीब के साथ है, मजदूर के साथ है, शोषित के साथ है, पीड़ित के साथ है, असहाय के साथ है, वह उसका समर्थन नहीं कर सकता है। इसलिए वह प्रश्न नहीं है, प्रश्न उस तर्क और विवेक का है। आज इस सरकार को बर्खास्त करने की बात की गई है। इस सदन में बहुत सारे लोग बैठे हैं और

जो दशकों से राजनीति में हैं। किसानों की बात कही गई, मजदूरों की बात कही गई, उनके खून-पसीने की बात कही गई, कौन इससे असहमत हो सकता है। लेकिन जब हरियाणा में दूसरी सरकार थी और जींद में 9 किसानों की हत्या हुई थी, तब क्या वह सरकार बर्खास्त हुई थी? उसके लिए हम जिम्मेदार नहीं थे। मैं सिर्फ एक उदाहरण दे रहा हूं। मैं नहीं चाहता कि बाकी और उदाहरण देकर विवाद बढ़ाऊ, मैं उत्तर प्रदेश का भी उदाहरण दे सकता हूं, ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: आप इसके ऊपर बात कीजिए।

श्री जनार्दन द्विवेदी: दूसरे प्रदेशों का भी उदाहरण दे सकता हूं, जहां पर इस तरह की घटनाएं हुई हैं, ये घटनाएं नहीं होनी चाहिएं। ...(व्यवधान)... इनको रोकने का हर प्रयास होना चाहिए। ...(व्यवधान)... इस तरह की कोशिश होनी चाहिए कि इस तरह की घटनाएं न हों। ...(व्यवधान)... कानून और व्यवस्था में ऐसे परिवर्तन होने चाहिएं ताकि इस तरह की क्रूरता की बातें न हों।

श्री अजय सिंह चौटाला: जब 1982 में ...(व्यवधान)... 20 मजदूरों को नीलम चौक पर मारा गया था। ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: चौटाला जी, आप बैठिए।

श्री जर्नादन द्विवेदी: मजदूरों के साथ बहुत बुरा हुआ। पुलिस को सही शिक्षा और संस्कार की जरूरत है लेकिन इससे पहले एक-एक नागरिक के साथ बहुत बुरा हो रहा था, उसी प्रदेश में। हमने उसके खिलाफ भी आवाज उठाई थी। ...(व्यवधान)... महोदय, सारा प्रयास उस परिप्रेक्ष्य में किया जाना चाहिए।

श्री उपसभापति: श्री तरलोचन सिंह।

श्री तरलोचन सिंह (हरियाणा): माननीय डिप्टी चेयरमैन साहब, मैं अपनी बात कहने से पहले यह कहना चाहता हूं कि मैं गुड़गांव से हूं और हरियाणा से मेम्बर आफ पर्लियामेंट हूं। कल जो कुछ हुआ है, आपके माध्यम से ऑनरेबल मैम्बर से, मेरी एक ही दरख्वास्त है कि कभी तो हम पार्टी लेवल से ऊपर उठकर देश की कोई बात किया करें मैं यह समझता हूं कि अभी प्रधानमंत्री जी, इंग्लैंड और अमेरिका के टूअर में भारत की कमाई करके लाए थे, वह हरियाणा सरकार ने कल खत्म कर दी। आज सारी दुनिया में हरियाणा गवर्नमेंट के इस एक्शन से, हिन्दुस्तान का सिर नीचा हुआ है। मैं किसी बात में नहीं पड़ता। मुझसे पहले मैम्बर ने बताया कि पहली सरकार के समय चार किसान मारे गए। कहां नहीं मरते, क्या नहीं होता, हर रोज ऐसे वाकयात होते हैं, लेकिन कुछ बातें मैं आपके माध्यम से अपने साथी मैम्बर्स के सामने रखना चाहता हूं। गुड़गांव शहर पिछले पांच सालों में इंडिया का प्राइड सिटी बना, जहां सारी मल्टीनेशनल्स आईं। पिछली सरकार की हिम्मत से दुनिया भर के लोग गुड़गांव आने लगे और यह सर्वे छपा कि बंगलौर और हैदराबाद से आगे

गुड़गांव निकल चुका है। यह क्यों है? यह इसलिए है कि वहां पांच साल से कोई लेबर अनरेस्ट नहीं हुआ। चौटाला सरकार के पांच साल के काल में कोई लेबर अनरेस्ट नहीं हुआ। यह इसी का नतीजा था कि लोग उधर आए थे। लेकिन क्या हुआ? सर, मैं आपसे बात करता हूं कि इस एजिटेशन का जो कल रिजल्ट निकला है, यह पिछले दिसम्बर से चल रही थी, चार महीने से ये वर्कर धरने पर बैठे थे और उस धरने में उनका एक साथी कन्हैया लाल मर भी चुका है। लेकिन हरियाणा सरकार ने एक बार भी कोशिश नहीं की कि इनकी एजिटेशन का कुछ हल निकाला जाए। मेरा सवाल तो यह है कि अभी हम सब कह रहे हैं कि जो हुआ है, गलत है, मैं भी कहता हूं, लेकिन यह सोचिए कि सरकार क्या कर रही थी। मुख्यमंत्री जी कल दिल्ली में थे, पांच घंटे यह पुलिस लाठी चार्ज हुआ और वे दिल्ली में बैठे यह हुकुम दे रहे थे कि * ...(व्यवधान)... मैं बड़ी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि डी॰सी॰ और एस॰पी॰ को फांसी लगाओ, जो मर्जी करो, सारी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की है। जब उन्हें पता चल गया था कि यह हो रहा है तो वे गुड़गांव क्यों नहीं गए? एक बात और, जो बयान मुख्यमंत्री और उनके एक और मंत्री का रात टी॰वी॰ पर आया है, आपने सुना है, उन्होंने यह कहा है ...(व्यवधान)...

संसदीय कार्य मंत्री तथा शहरी विकास मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): उपसभापति जी, ये सुन रहे थे, जब मुख्यमंत्री जी बता रहे थे * अगर ये सुन रहे थे ...(व्यवधान)...

†[وزیر برائے پارلیمانی امور (شری غلام نبی آزاد): آپ سبھاپتی جی، یہ سن رہے تھے جب مکھیہ منتری جی بتا رہے تھے ⊛ اگر یہ سن رہے تھے.....مداخلت.....]

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It will not go on record. ...*(Interruptions)*... It will be removed. ...*(Interruptions)*... सुनिए, ...(व्यवधान)... वह रिकार्ड में नहीं जाएगा ...(व्यवधान)... क्या आप इसे कन्फर्म करते हैं ...(व्यवधान)...

श्री जनेश्वर मिश्र: उपसभापति जी, प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: प्वाइंट ऑफ ऑर्डर ...(व्यवधान)... आप बैठिए, जरा बैठिए ...(व्यवधान)... प्वाइंट ऑफ ऑर्डर ...(व्यवधान)...

श्री गुलाब नबी आजाद: अगर चीफ मिनिस्टर साहब ने कहा है * तो बड़ी सीरियस बात है ...(व्यवधान)...

†[شری غلام نبی آزاد: اگر چیف منسٹر صاحب نے کہا ہے * تو بڑی سیریس بات ہے.....مداخلت.....]

---

*Expunged as ordered by the Chair.
†[] Transliteration in Urdu Script.

श्री जनेश्वर मिश्र: प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: प्वाइंट ऑफ ऑर्डर ...(**व्यवधान**)... उन्होंने बोला है प्वाइंट ऑफ ऑर्डर ...(**व्यवधान**)... पहले उन्होंने पूछा है ...(**व्यवधान**)... देखिए, Shri Janeshwar Mishra has a point of order. ...*(Interruptions)*... I have to listen him first ...*(Interruptions)*... I have expunged it. ...*(Interruptions)*... आप बोलिए ...(**व्यवधान**)...

SHRI GHULAM NABI AZAD: No Sir. Let him authenticate it ...*(Interruptions)*...

THE MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PRIYARANJAN DASMUNSI): Sir, a very good discussion was going on. Entire House was in agreement to condemn yesterday's incident. But it is highly objectionable, if an hon. Member, with a view to score debating point, says that the Chief Minister, who was in Delhi at that time ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: आप बोलिए, One minute I want to listen ...(**व्यवधान**)...

12.00 Noon

श्री जनेश्वर मिश्र: उपसभापति जी, हम लोग एक तरह से पंचायत में बैठे हैं, सदन की कुछ परंपराएं हैं। जब कोई माननीय सदस्य बोलता है तो आमतौर से ट्रेजरी बेंच के और मैम्बर्स उसे टोक सकते हैं, लेकिन क्या मिनिस्टर्स को भी टोका-टाकी की इजाजत दी जाएगी ...(**व्यवधान**)...

श्री गुलाम नबी आजाद: यह एलीगेशन है ...(**व्यवधान**)...

[†][شری غلام نبی آزاد : یہ ایلیگیشن ہے.....مداخلت.....]

श्री उपसभापति: नहीं, नहीं इसमें कोई प्वाइंट ऑफ ऑर्डर नहीं है ...(**व्यवधान**)... He is a Member also. ...*(Interruptions)*...

SHRI JANESHWAR MISHRA: So what, Sir. He is a Minister now.

श्री गुलाब नबी आजाद: हमने आपको सुना ...(**व्यवधान**)...

[†][شری غلام نبی آزاد : ہم نے آپ کو سنا.....مداخلت.....]

---

†[] Transliteration in Urdu Script.

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: मंत्री जी कुछ बोलें, उससे पहले मेरे पास लेटेस्ट इन्फॉर्मेशन है, मैं आपको देता हूं ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: अहलुवालिया जी, देखिए, अच्छी बहस हो रही है ...(**व्यवधान**)...

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: उपसभापति जी, जो इन्फार्मेशन मुझे मिली है, वह सुन लें ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप बैठिए ...(**व्यवधान**)...

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: अभी सुना, सुबह चीफ मिनिस्टर हॉस्पिटल गए ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: नहीं, नहीं ऐसा नहीं होगा ...(**व्यवधान**)... कोई चीज रिकार्ड में नहीं जाएगी, सिंह साहब आप कन्क्लुड कीजिए ...(**व्यवधान**)...

श्री गुलाम नबी आजाद: श्री जनेश्वर मिश्र जी ने जो सवाल उठाया है, मैं उसका उत्तर देना चाहता हूं कि अगर मुख्यमंत्री जी ने ऑर्डर दिया है, तो यह हमारे लिए बड़ी सीरियस चीज है ...(**व्यवधान**)...

†[**श्री غلام نبی آزاد :** شری جنیشور مشرا جی نے جو سوال اٹھایا ہے، میں اس کا جواب دینا چاہتا ہوں کہ اگر مکھیہ منتری جی نے آرڈر دیا ہے، تو یہ ہمارے لئے بڑی سیریس چیز ہے.....مداخلت.....]†

श्री जनेश्वर मिश्र: आप बीच में मत बोलिए, बोलने का अधिकार हमारा है ...(**व्यवधान**)...

श्री गुलाम नबी आजाद: अगर यह बात सत्य है, तो फिर हमें मुख्यमंत्री के खिलाफ ऐक्शन लेना पड़ेगा, लेकिन अगर ये असत्य बोल रहे हैं तो इनके खिलाफ ऐक्शन लेना पड़ेगा ...(**व्यवधान**)...

†[**شری غلام نبی آزاد :** اگر یہ بات سچ ہے، تو پھر ہمیں مکھیہ منتری کے خلاف ایکشن لینا پڑے گا، لیکن اگر یہ استیہ بول رہے ہیں تو ان کے خلاف ایکشن لینا پڑے گا.....مداخلت.....]†

डा॰ मुरली मनोहर जोशी (उत्तर प्रदेश): अभी खबर मिली है कि आज भी हॉस्पिटल में लाठीचार्ज हुआ है। अगर यह सच है तो सरकार इसके बारे में जवाब दे ...(**व्यवधान**)...

---

†[] Transliteration in Urdu Script.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. *(Interruptions)* Please sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN: Sir, we are discussing about yesterday's incident ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: How do you expect ...*(Interruptions)*... Mr. Ahluwalia, how do you expect the Minister to react immediately to whatever you say? ...*(Interruptions)*... You have brought the ...*(Interruptions)*... Please sit down. ...*(Interruptions)*... आप बैठिए ...(व्यवधान)...

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: यह अभी हुआ है ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: यह क्या बात है ...(व्यवधान)... आप बैठिए ...(व्यवधान)... डिबेट हो रही है ...(व्यवधान)...

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: हम यहां चर्चा कर रहे हैं और वहां लाठीचार्ज हो रहा है ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: आप बैठिए ना ...(व्यवधान)... आप क्या कहना चाहते हैं ...(व्यवधान)...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: उपसभापति जी, यह महत्वपूर्ण सूचना है। मंत्री जी तो कल की बात कहेंगे, हम आज की बात कह रहे हैं ...(व्यवधान)...

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN: Sir, we are discussing about yesterday's incident and today itself ...*(Interruptions)*... Sir, we are discussing about yesterday's matter and that is being repeated even now. ...*(Interruptions)*... Then, what is the need for a discussion? ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What do you expect from the Government?

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN: There was lathicharge yesterday and, again, it is being repeated today. ...*(Interruptions)*...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: उपसभापति जी, हम आज की बात कर रहे हैं ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: जोशी जी, यह केन्द्र सरकार है, वह राज्य सरकार है, आप पूछेंगे लाठीचार्ज क्यों हो रहा है, क्या वे जवाब दे सकेंगे? ...(व्यवधान)... आप क्या बात कर रहे हैं ...(व्यवधान)...

श्री गुलाम नबी आजाद: उपसभापति जी, अभी मैंने उत्तर कहां दिया है ...**(व्यवधान)**...

†[شری غلام نبی آزاد : آپ سبھاپتی جی، ابھی میں نے جواب کہاں دیا ہے.....مداخلت.....]

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ (Uttaranchal): Sir, I am on a point of order. ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: आप गवर्नमेंट का जवाब सुनना चाहते हैं? आप किससे बात करना चाहते हैं? आप किसका जवाब लेना चाहते हैं? गवर्नमेंट का जवाब तो सुनिए ना ...**(व्यवधान)**...

श्रीमती सुषमा स्वराज: मेरा एक प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है।...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: पहले उन्होंने प्वाइंट ऑफ ऑर्डर उठाया था, पहले उनको बोलने दीजिए ...**(व्यवधान)**... आप बैठिए।

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN: If lathicharge is repeated today, then, what is the need for a discussion? ...*(Interruptions)*... If there is another lathicharge, then, what is the need for a discussion? ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Didn't you ask for a discussion?

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN: They are repeating it. ...*(Interruptions)*...

श्री आनन्द शर्मा (हिमाचल प्रदेश): उपसभापति जी, यह सदन एक ऐसे विषय पर चर्चा कर रहा है ...**(व्यवधान)**...

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: ये चर्चा बोल रहे हैं ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: बोलिए-बोलिए, आप बोलिए। मैं सुन रहा हूं, आप बोलिए ...**(व्यवधान)**...

श्री आनन्द शर्मा: मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि इस सदन में जब यह चर्चा हो रही है तो सदन का कोई भी सदस्य नियम के अनुसार किसी ऐसे अधिकारी, मंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री, जो सदन में उपस्थित नहीं हैं, उनके बारे में कोई गलत आरोप आप नहीं लगा सकते। यह व्यवस्था का प्रश्न है, यह नियम है ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have already given the ruling. *(Interruptions)*

श्रीमती सुषमा स्वराज: मेरा एक प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है।

---

†[] Transliteration in Urdu Script.

श्री उपसभापति: बोलिए।

श्रीमती सुषमा स्वराज: महोदय, मेरा प्वाइंट ऑफ ऑर्डर यह है कि इस सदन में चर्चा हो रही है और आपने कहा कि सरकार जवाब देगी, लेकिन जब सदन में चर्चा हो रही है, उस समय भी वहां दोबारा लाठीचार्ज हो रहा है, ...**(व्यवधान)**... यह इस समय की बात है ...**(व्यवधान)**... महोदय, दोबारा लाठीचार्ज हो रहा है और टी॰वी॰ पर दिखाया जा रहा है ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: मैं मानता हूं कि आप कह रहे हैं कि वहां लाठीचार्ज हो रहा है। इसका कोई जवाब देना है सरकार को?

श्रीमती सुषमा स्वराज: महोदय, टी॰वी॰ पर दिखाया जा रहा है ...**(व्यवधान)**...

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN: That is the problem. ...*(Interruptions)*...

SHRI PRASANTA CHATTERJEE (West Bengal): We want a statement from the Prime Minister ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: जोशी जी, आप किससे सवाल कर रहे हैं?

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: महोदय, मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: मुझसे निवेदन कर रहे हैं, ठीक है, लेकिन सरकार को तो कुछ कहने दीजिए ना ...**(व्यवधान)**...

श्रीमती सुषमा स्वराज: महोदय, सरकार कल के बारे में कहेगी ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: मैं क्या जानूं कि वे क्या कहेंगे? सरकार को जवाब देने दीजिए।

श्रीमती सुषमा स्वराज: महोदय, आप हमारी बात नहीं सुन रहे हैं ...**(व्यवधान)**...

SHRI C. RAMACHANDRAIAH (Andhra Pradesh): Let the Prime Minister come to the House and give a reply. ...*(Interruptions)*... This is a very serious issue. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is not that only PM should come ...*(Interruptions)*... आप कुछ कहना चाहते हैं ...**(व्यवधान)**...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: अगर सरकार को मालूम है ...**(व्यवधान)**... तो एडजर्न करे।

श्रीमती सुषमा स्वराज: सर, आप यह कह रहे हैं कि सरकार कल की घटना का जवाब देगी ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: वह जवाब देने को तैयार है ...(**व्यवधान**)... वह जवाब देने को तैयार है।

श्रीमती सुषमा स्वराज: हम यह कह रहे हैं कि सरकार कल की घटना की चर्चा का जवाब देगी, जिसके ऊपर चर्चा हो रही है। मगर अभी भी टीवी पर दिखाया जा रहा है, वहां पर अभी भी लाठी चार्ज हो रहा है।

श्री उपसभापति: इसका क्या करेंगे? ...(**व्यवधान**)... Why should the House be adjourned?

श्रीमती सुषमा स्वराज: अभी भी लाठी चार्ज हो रहा है।

श्री उपसभापति: आप बोलिए।

SHRI BALBIR K. PUNJ: There is nothing we can do ...*(Interruptions)*...

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN: Sir, at least, you call the Home Minister ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Sit down ...*(Interruptions)*... Please sit down ...*(Interruptions)*... Still, ten names are there ...*(Interruptions)*...

SHRI DEBABRATA BISWAS (West Bengal): Sir ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. I am on my legs ...*(Interruptions)*... Please sit down ...*(Interruptions)*...

श्रीमती सुषमा स्वराज: वहां इस समय भी लाठी चार्ज हो रहा है।

श्री उपसभापति: आपने चर्चा की ...(**व्यवधान**)... आपने डिमांड किया, आपने पूछा है कि क्वैश्चन ऑवर को सस्पैंड करके यह डिसकसन होना चाहिए ...(**व्यवधान**)... अब जब चर्चा हो रही है, मैम्बर्स ने डिमांड किया है ...(**व्यवधान**)... जरा सुनिए, आप जरा मेहरबानी करके सुनिए। पूरे मैम्बर्स ने कहा कि क्वैश्चन ऑवर को एक्सटैंड करके इसके ऊपर चर्चा होनी चाहिए That was the demand of all the Members. We are discussing the issue. Several Members are giving their point of views. It was insisted that the Minister of Parliamentary Affairs should be present. An understanding was reached in the meeting that the Minister of Parliamentary Affairs ...*(Interruptions)*... आप जरा सुनिए ना ...(**व्यवधान**)... मैं बात कर रहा हूं, Is it the parliamentary procedure? ...(**व्यवधान**)...

श्री बलबीर के० पुंज: होम मिनिस्टर को तो आना चाहिए।

श्री उपसभापति: अरे भई, अपने लीडर से पूछिए। It was agreed that the Parliamentary Affairs Minister would be present. The Home Minister is present in the other House. पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर आए हैं। अब आप उनका जवाब सुनना चाहेंगे, आपने डिसकस किया है, सरकार जवाब देगी, उनका जवाब तो सुनिए ना।

SHRI BALBIR K. PUNJ: Just one minute, Sir. ...*(Interruptions)*...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: श्रीमन्, मैं एक निवेदन कर रहा हूं। कल की घटना के ऊपर चर्चा हो रही है। उसका उद्देश्य यह था कि जैसी कल की घटनाएं हुई, वैसी दोबारा न हों। यह उसका उद्देश्य था।

श्री उपसभापति: वह जवाब देगी।

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: लेकिन अभी सदन को अनेक स्थानों से सूचना मिली है कि आज भी हॉस्पिटल में लाठी चार्ज किया गया। सवाल यह है कि यहां चर्चा इसी विषय पर हो रही थी कि कल की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और घटनाओं की पुनरावृत्ति हो रही है। इस पर सरकार को क्या कहना है? क्या सरकार को यह मालूम है कि यह क्यों हो रहा है, किसने करवाया है? इस चर्चा का क्या अर्थ है? सारा सदन, सारा देश चर्चा कर रहा है कि मजदूरों पर लाठी चार्ज न हो, मजदूरों के साथ सद्व्यवहार हो। यहां बड़े महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए गए, जिन पर गम्भीर चर्चा होने की जरूरत है।

[MR. CHAIRMAN in the Chair]

बजाय इसके ऊपर ध्यान देने के, अगर वहां का प्रशासन, वहां की सरकार, फिर से इन सारी बातों की पुनरावृत्ति कर रही है, तो इस सदन ने अपना सवा घंटे का समय व्यर्थ गंवाया है। इन सारी समस्याओं पर हमने निरर्थक चर्चा की। क्या इन सब का अर्थ यह है, क्या उन्हें मालूम नहीं है कि आज सदन में इस पर चर्चा होने वाली है?

श्री सभापति: ठीक है, ठीक है।

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: क्या वे देख नहीं रहे हैं कि सदन में क्या चर्चा हो रही है? इसके बाद वहां पर प्रशासन इसी प्रकार की हरकतें कर रहा है। यह तो निरन्तर एक प्रकार का दुस्साहसनीय कृत्य है। मुझे समझ में आता है कि गुड़गांव तो कौरवों और पाण्डवों का पुराना संग्राम का स्थान है। वहां बिल्कुल कौरवशाही चल रही है। इस प्रकार से यह क्या हो रहा है? ...**(व्यवधान)**...

श्री बलबीर के॰ पुंज: श्री तरलोचन सिंह जी ने जो कहा है, ...**(व्यवधान)**...आज यह लाठी चार्ज दोबारा हुआ और यह बात सही साबित हुई...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: एक-एक बोल लीजिए...(**व्यवधान**)... आपके लीडर बोल रहे हैं ...(**व्यवधान**)... मेरी सुनिए। क्या आपका इनमें विश्वास नहीं है? आपके लीडर बोल रहे हैं।

डॉ॰ मुरली मनोहर जोशी: श्रीमन्, इसलिए मेरा सुझाव यह है कि सरकार बिल्कुल नवीनतम स्थिति के बारे में सदन को अवगत कराए। उतनी देर के लिए आप सदन को स्थगित करें और सरकार जल्द-से-जल्द इसके बारे में पूरी जानकारी लेकर यहां पर आए। गुड़गांव से जानकारी मंगाने में आधा-पौना घंटा लगता है, तब तक आप सदन की कार्यवाही स्थगित करें क्योंकि बिना पूरी जानकारी के इस चर्चा का कोई मतलब नहीं है।

श्री सभापति: ठीक है, आप बैठिए।...(**व्यवधान**)... एक मिनट, श्री तरलोचन सिंह जी अपनी बात समाप्त कर लें, मैं सरकार से चाहूंगा कि वह उस वक्त तक पूरी जानकारी प्राप्त कर ले।

श्री तरलोचन सिंह: सर, मेरा बयान बीच में ही रह गया था। So, let me complete my speech.

श्री सभापति: आप खत्म कर लें।...(**व्यवधान**)...

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN: Sir, we are very grateful to you...(*Interruptions*)...

MR. CHAIRMAN: I will allow you ...(*Interruptions*)...

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN: Sir, let me submit ...(*Interruptions*)...

MR. CHAIRMAN: Please take your seat. ...(*Interruptions*)... Please take your seat. ...(*Interruptions*)... I will certainly allow you. But let him finish his speech, ...(*Interruptions*)... and till then, I think, the Ministry will find out the truth about it. ...(*Interruptions*)...

श्री गुलाम नबी आजाद: कल की बात बता दें ...(**व्यवधान**)...

†[وزیر برائے پارلیمانی امور (شری غلام نبی آزاد) : کل کی بات بتادیں.....مداخلت.....]

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN: Sir, we are thankful to you for giving us time for discussing this matter. But, unfortunately, Sir, while we are discussing it here, the same incidents are being repeated there. Let the Government explain what is the latest position in this regard. ...(*Interruptions*)... Let the Minister explain ...(*Interruptions*)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सर, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है...(**व्यवधान**)...

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN: Let them give a correct explanation. ...(*Interruptions*)... It cannot go on like this. ...(*Interruptions*)...

†[] Transliteration in Urdu Script.

श्री सभापति: एक मिनिट, आप बैठिए। आप बैठ जाइए। देखिए क्वैश्चन आवर तो समाप्त हुआ, यह डिबेट जारी रहेगी और इस डिबेट में जो दूसरा प्रश्न उठाया गया है कि इस समय हास्पीटल में लाठी-चार्ज हुआ, मेरा सरकार से निवेदन है कि आप इस बारे में जानकारी प्राप्त कर लें और जब जवाब दें तो इस बारे में भी कह दें।

श्रीमती सुषमा स्वराज: तब तक सदन स्थगित कर दें।...**(व्यवधान)**...

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN: Sir, kindly give the direction to the Government. ...*(Interruptions)*... Let the Government come with the latest information. ...*(Interruptions)*...

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: तब तक सदन को स्थगित करिए।...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: मालूम करने दीजिए, आप एक मिनट सुन लीजिए।...**(व्यवधान)**... आप सुन लीजिए न, आपको क्या पता है?

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: वे कल की दास्तां सुनाना चाहते हैं, जो मैंने अपनी आंखों से देखी है। आज की दास्तां के बारे में ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: देखिए, यह एक सीरियस मामला है, इसे सीरियसली लीजिए। हाउस को adjourn करने से समस्या का समाधान नहीं होगा।

SHRI BALBIR K. PUNJ: Sir, I want to make one submission. ...*(Interruptions)*...

श्री सभापति: आप दोनों में से एक बोलिए।...**(व्यवधान)**...

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: महोदय, इस मुद्दे को हम सवेरे से उठा रहे हैं, हम सवेरे से इस विषय पर चर्चा कर रहे हैं, किंतु District Administration को क्या message गया है? डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट जब सवेरे हॉस्पीटल गए तो वहां बहन अपने भाई को ढूंढ रही है ...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: Let him inquire ...*(Interruptions)*... Let him inquire. ...*(Interruptions)*...

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: आपको सुनकर क्या करेंगे?

श्री सभापति: आप उनको सुनिए तो सही। आप उनको एक बार सुनिए।...**(व्यवधान)**... Let him speak. ...*(Interruptions)*...

श्री संतोष बागड़ोदिया (राजस्थान): सर, इसका मतबत यह हो गया कि यही बोलेंगे। ...**(व्यवधान)**...

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Let the hon. Minister respond. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Let him speak. ...*(Interruptions)*...

SHRI RAJU PARMAR: (Gujarat): Sir, how many times will Mr. Ahluwalia speak? ...*(Interruptions)*...

श्री सभापति: एक मिनट . Let the hon. Minister speak...*(Interruptions)*...

श्री गुलाम नबी आजाद: आपको क्या कहना है? आप प्लीज बैठ जाइए।...**(व्यवधान)**...

† [شری غلام نبی آزاد : آپ کو کیا کہنا ہے؟ آپ پلیز بیٹھ جایئے.....مداخلت.....]

श्री सभापति: आप अपनी सीट पर चले जाइए। Please go to your seat ...*(Interruptions)*... आप उनको बोलने दीजिए।

श्री एस.एस. अहलुवालिया: वह क्या बोलेंगे?

श्री सभापति: माननीय सदस्य, यह एक सीरियस डिबेट हो रही है और इस सीरियस डिबेट को आप सीरियसली लीजिए।

श्री आनन्द शर्मा: सर, यह राजनीति कर रहे हैं।

श्री सभापति: आप बैठ जाइए। Please take your seat ...*(Interruptions)*... Please take your seat. interruptions मेरा आप सभी से इतना ही निवेदन है ...**(व्यवधान)**... आप प्लीज बैठ जाइए मेरा इतना ही निवेदन है कि ...**(व्यवधान)**... इसका मतलब है कि आप बोलेंगे और मैं बैठ जाऊं, यही मतलब हुआ? मैं बैठ जाऊं, मैं न बोलूं? मेरा इतना ही निवेदन है कि मामला सीरियस है, इसमें कोई संदेह नहीं है। क्वैश्चन आवर स्थगित हो गया, पूरा हो गया। अब इस मामले में इस पर चर्चा चलती रहेगी। मैं चर्चा बंद नहीं कर रहा हूं, नंबर एक। दूसरा, इस चर्चा के संबंध में माननीय सदस्यों ने जो कहा है और जो भी बोलना चाहें, तो मैं उन्हें परमिशन दूंगा, और नंबर तीन, इस बीच हास्पिटल की जो बात हुई है, उसके बारे में सरकार की तरफ से जानकारी मिल जाए, तो आप उसका भी लाभ उठा सकते है, आप चर्चा के अंदर यह कह सकते हैं कि इस समय भी स्थिति इस प्रकार की है, जो सरकार के काबू में नहीं है या वहां लाठी चार्ज हो रहा है, लेकिन गवर्नमेंट को न सुनें, यह तो असंभव है ...**(व्यवधान)**...

---

†[] Transliteration in Urdu Script.

श्री एस.एस. अहलुवालिया: इसमें गवर्नमेंट को सुनने की बात क्या है? ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: मैंने कह दिया है कि मैं अलाऊ नहीं करूंगा। ...(**व्यवधान**)... मैं अलाऊ नहीं करूंगा। ...(**व्यवधान**)... यह क्या कह रहे हैं? ...(**व्यवधान**)... इस तरह की भाषा नहीं चलनी चाहिए ...(**व्यवधान**)... इस हाउस में नहीं होनी चाहिए ...(**व्यवधान**)...

डा. मुरली मनोहर जोशी: महोदय, मेरा निवेदन इतना ही है कि जो चर्चा हो रही है, उसमें पूरे तथ्य सामने रहने चाहिए। अभी तक हम जो चर्चा कर रहे हैं वह कल की घटनाओं की जानकारी के आधार पर कर रहे थे और चर्चा बहुत सार्थक और बड़ी गम्भीर हो रही थी और होनी भी चाहिए ...(**व्यवधान**)... बात सुन लें ...(**व्यवधान**)... हमने यह कहा कि ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: बोलने दीजिए। बोलने दीजिए।

डा. मुरली मनोहर जोशी: हमने यह निवेदन किया कि इस बीच में नई घटनाओं की जो जानकारी हुई है, अगर सरकार उसकी जानकारी भी सदन में रख दे तो चर्चा और भी अधिक सार्थक होगी ...(**व्यवधान**)...

एक माननीय सदस्य: आप बोल रहे हैं, कुछ सुनते नहीं हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: एक मिनट, एक मिनट। ...(**व्यवधान**)... आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

SHRI RAJU PARMAR: Please, don't repeat it...*(Interruptions)*...

SHRI V. NARAYANASAMY: The hon. Chairman has already given his ruling. ...*(Interruptions)*... You are going on repeating whatever you have already said....*(Interruptions)*... Hon. Chairman has already given the ruling ...*(Interruptions)*...

डा. मुरली मनोहर जोशी: मैंने किसी को बोलने से नहीं रोका। ...(**व्यवधान**)... मेरा यही निवेदन था कि वे जानकारी दे सकते हैं या नहीं दे सकते हैं। ...(**व्यवधान**)... यदि दे सकते हैं तो कितनी देर में दे सकते हैं? ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: मैंने यही तो कहा है कि जानकारी प्राप्त कर लें, उस समय तक डिबेट चालू रहेगी। इसमें क्या आपत्ति है? ...(**व्यवधान**)... इसमें कोई आपत्ति नहीं है ...(**व्यवधान**)... क्या आप यह चाहते हैं कि मैं डिबेट बंद करूं?

डा. मुरली मनोहर जोशी: उतनी देर के लिए जितनी देर में ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: नहीं, जितनी देर में, ऐसा क्या है कि जितनी देर में यह कर लेंगे? श्री तरलोचन सिंह बोलने वाले हैं, श्री बलबीर पुंज बोलने वाले हैं। उनको बोलने दें ...(**व्यवधान**)...

डा. मुरली मनोहर जोशी: हम जो बोलेंगे, वे कल की जानकारी पर बोलने वाले हैं। अब जो नई जानकारी है उसके आधार पर ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: मैं कह रहा हूं कि आप नई जानकारी के आधार पर बोल सकते हैं। ...(**व्यवधान**)... जानकारी तो कर लें। ...(**व्यवधान**)... यही तो मैं गवर्नमेंट को कह रहा हूं कि वह जानकारी कर लें। ...(**व्यवधान**)...

डा. मुरली मनोहर जोशी: सवाल यह है कि कितनी देर में करेंगे, कब तक करेंगे। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: श्री तरलोचन सिंह, श्री बलबीर पुंज हैं, उनको जो बोलना है, बोल दें। ...(**व्यवधान**)... उनको बोलने दीजिए ...(**व्यवधान**)... इस डिबेट का क्या नतीजा निकलेगा, अगर हम इस तरह से व्यवहार करेंगे कि एक-दूसरे को बोलने नहीं देंगे तो उससे काम नहीं होगा. ...(**व्यवधान**)... एक मिनट ...(**व्यवधान**)... आप बोल लीजिए, मुझे कोई आपत्ति नहीं है और भी कोई बोलना चाहें तो मैं अलाऊ करूंगा, लेकिन उस समय तक सरकार से मैंने निवेदन किया कि इसकी जानकारी कर ले और जानकारी करने के बाद...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया: सर, गुड़गांव जाएंगे न। अभी सरकार भी जाएगी और हम भी जाएंगे। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: अगर सरकार नहीं जाएगी तो मैं आपको भेज दूंगा। ...(**व्यवधान**)... श्री तरलोचन सिंह? आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)... श्री तरलोचन सिंह, आप बोलिए ...(**व्यवधान**)... एक मिनट ...(**व्यवधान**)... आप ठहर जाइए। ...(**व्यवधान**)... मैंने उनको अलाऊ किया है debate. ...(**व्यवधान**)... अब मैं उनके कहने से ...(**व्यवधान**)... आप यह मत कहिए। ...(**व्यवधान**)... मैं उनके कहने से नहीं चला हूं ...(**व्यवधान**)... मुझे मालूम है कि वे जवाब देंगे, लेकिन मैंने उनको यह कहा कि इस बात का भी जवाब होगा कि इस समय लाठी चार्ज हो रहा है कि नहीं हो रहा है। इसकी जानकारी करने के लिए मैंने इनसे निवेदन किया है। मैंने उनको रोका नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

श्री संतोष बागड़ोदिया: सर, ये बोलना चाहते थे। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: बोलना चाहते हैं तो ...**(व्यवधान)**... बोलिए।

श्री तरलोचन सिंह: माननीय सभापति जी, अगर मेरे किसी लफ्ज़ पर हमारे उधर के भाइयों को कोई आपत्ति है ...**(व्यवधान)**...

श्री संतोष बागड़ोदिया: सर, ये बोल चुके हैं।...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: आप बैठ जाइए ...**(व्यवधान)**... श्री तरलोचन जी, मुझे मालूम है कि आपने भाषण खत्म कर दिया। आप बैठ जाइए, इतना ही काफी है। श्री बलबीर पुंज। ...**(व्यवधान)**...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सर यह सदन इतना ...**(व्यवधान)**... कब से हो गया। ...**(व्यवधान)**... वहां लाठी चार्ज हो रहा है और अब चर्चा कर रहे हैं ...**(व्यवधान)**... हम भाषण देंगे। ...**(व्यवधान)**...

श्रीमती अम्बिका सोनी (पंजाब): सर, ये आरोप को यहां आथेंटिकेट करें या माफी मांगें। दोनों में से एक काम करें। ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: वह एक्सपंज कर दिया है मैंने। ...**(व्यवधान)**.. वह एक्सपंज हो गया है। एक्सपंज कर दिया है मैंने।...**(व्यवधान)**

श्रीमती अम्बिका सोनी: सर, वह ऑथेंटिकेट कर दें वरना माफी मांगें।

श्री सभापति: वह एक्सपंज कर दिया है। ठीक है, अब आप बैठिए। श्री बलबीर पुंज। ...**(व्यवधान)**.. श्री बलबीर पुंज। ...**(व्यवधान)**

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: सर, सदन की कार्यवाही चलती रहेगी और वहां लाठी चलती रहेगी? ...**(व्यवधान)**

श्री सभापति: यह बात छोड़िए, आप। मैंने आपसे कहा कि गवर्नमेंट जानकारी कर रही है। आपको गवर्नमेंट जानकारी देगी।...**(व्यवधान)**.. श्री बलबीर पुंज।...**(व्यवधान)**.. आप शुरू करिए। क्या आप नहीं बोलना चाहते हैं? ...**(व्यवधान)**.. मैंने एलाऊ किया है श्री बलबीर पुंज को। आप बैठ जाओ।

श्री तरलोचन सिंह: माननीय सभापति जी, मैं निवेदन कर रहा हूं।...**(व्यवधान)**

श्री सभापति: आप बैठ जाइए, मैं एलाऊ नहीं करूंगा। Please take your seat.

श्री तरलोचन सिंह: सर एक मिनट।

श्री सभापति: नहीं, एक मिनट भी नहीं।...(**व्यवधान**).. Please take your seat. Nothing will go on record. आप बैठ जाइए।...(**व्यवधान**)..

श्री तरलोचन सिंह: *

श्री सभापति: आप यह छोड़िए, आपने पहले कह दिया।...(**व्यवधान**).. Nothing will go on record. कोई रिकार्ड नहीं हो रहा है, आप बैठ जाइए।...(**व्यवधान**).. आप बैठ जाइए। मैंने आपको एलाऊ किया, इसका मतलब यह नहीं है कि आप चेयर की अवहेलना करते रहें। आप बैठ जाइए। बोलिए, बलबीर पुंज जी।

SHRI BALBIR K. PUNJ: Thank you, Mr. Chairman. This is a fact that cutting across party lines everybody has condemned the incident at Gurgaon yesterday. But, Sir, if you look at the remarks carefully, even the people who appeared from the Government side yesterday on television and the speeches which were made from the Treasury Benches brought out condemning the crime. But, at the same time, they are blaming the victims for that. There is no unconditional condemnation of the crime. Yesterday, when we saw the TV reporting, the Minister from Haryana was repeatedly saying that they had burnt a jeep and beaten a police officer, and indirectly saying, therefore, they were destined to be beaten up. Even today, people from the Treasury Benches were speaking and were making their points repeatedly that such incidents do happen, and they have proved right because it happened yesterday and it is happening even now when we are debating this issue over here, this incident of lathi-charge, brutal lathi-charge is taking place in a hospital in Gurgaon. Now, Sir, would it be cautious if we sit here and debate and discuss this issue when innocent people are being manned, beaten up in our next door in Gurgaon. Sir, it is not the issue of labour laws. Labour rights are very important. They are part and parcel of a welfare State. Labour laws in this country have been evolved over a half century of debate and discussions in this House. In Gurgaon, Sir, the labour working in the Honda factory has been denied benefits which should be available to them under the labour laws of the country. These benefits were denied to them by the multi-national management of that company. But the Haryana Government has denied them the civil rights which are available to a common man, a common citizen of this country under the Constitution of India. Sir, they had the right to assembly. What was their crime? They were trying to march in a peaceful procession. There was some violence. The Police was within its

* Not recorded.

right to arrest those, prosecute those who had indulged in violence. But, the Police in Haryana acted like a * They got together. They enticed these people to the Deputy Commissioner's Office, surrounded them and rained them with *lathis,* with the result that more than 700 people were injured. Sir. people have talked about all round condemnation.

[MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair]

Even the UPA Chairperson has expressed anguish; the Prime Minister has expressed anguish, but looks like that the Prime Minister and the UPA Chairperson are totally ineffective because if they were effective, or if they were genuine in their concern, there would not have been any repetition of this incident today. ...*(Interruptions)*... And, Haryana Police ...*(Interruptions)*...

SHRI PRIYARANJAN DASMUNSI: Sir, look at their parochial ...*(Interruptions)*.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Punj, please complete.

SHRI BALBIR K. PUNJ: I don't know what has upset my friends on the other side. I only said that the Chairperson of the UPA and the hon. Prime Minister have expressed their anguish. But, if they have expressed their anguish and if they were genuine, there would not have been any repetition of lathicharge today ...*(Interruptions)*.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Kurien, please sit down. He has only said that they had expressed their anguish.

SHRI BALBIR K. PUNJ: Then, the incident of violence which was unleashed on the workers in Gurgaon yesterday was unprecedented and this violence would not have been possible but for the political patronage and protection which the local SP and Deputy Commissioner would have been assured of. Because without that protection, they would not have had the courage to repeat what they had done yesterday this morning.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI BALBIR K. PUNJ: Sir, I have got three demands. One - if this Government is sincere, it must announce immediate suspension of the SP and also of the Deputy Commissioner. Two - each of the injured workers must be given a good compensation of minimum of one lakh rupees

*Expunged as ordered by the Chair.

extending up to five lakh rupees, depending upon the seriousness of injuries suffered. Three - the House should be adjorned till such time the Governrnent comes up with the latest information as to what has happened in Gurgaon.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Sir, it is really a serious affair. It is highly inhuman. There are no words to explain this incident. We severely condemn this step. Sir, the top people, including Sonia Gandhi, have expressed their anguish. But, the genuinesss of their anguish is being suspected because continuously such barbaric incidents are happening. That is why, we are more concerned. These types of incidents will occur. Sir, there are some core issues which are coming to the fore. I fully agree with Mr. Nariman and Mr. Ravi. There are some vital issues which are coming to the surface. Sir, we are achieving the growth rate, but millions of people are starving. And, we are making profits of thousands of crores of rupees, but workers are being deprived of their legitimate rights, their right to have work, their right to have proper wages, their right to have reinstatement. These are all very vital issues which are coming today. I think, the officer, who is responsible for this barbaric incident, really resembles Gen. Dyer. I don't think the Government is engaging the services of officers like Gen. Dyer, to kill the people. Most probably, the Prime Minister might have been praised in this context only that the British Raj was very good because that had not behaved so barbarically as the present-day dispensation is behaving today. The Prime Minister might have been correct in saying that British Raj was good.

SHRI VAYALAR RAVI: He never said so.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Yes, he has praised. You kindly refer to newspapers. Today, we are happy that sensex has gone up. foreign direct investments are coming, FFIS are coming. But, for whose benefit are they coming? Are they coming for killing the workers?

AN HON. MEMBER: Volkswagen....

SHRI C. RAMACHADRAIAH: Yes, Volkswagen. Why should I say Volkswagen? Your people are ...*(Interruptions)*.. and it has been referred to the CBI. Even your Minister was sacked. ...*(Interruptions)*...

DR. ALLADI P. RAJKUMAR (Andhra Pradesh): Public money was given ...*(Interruptions)*. Rs. 11 crores are swallowed. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Ramachandraiah, don't take cognizance of what ...*(Interruptions)*.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Sir, they are the culprits. They are swallowed Rs. 11 crores and now they are ...*(Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Ramachandraiah, if a Member sits and speaks, that will not go on record. Why should you respond to him? ...*(Interruptions)*.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Sir, my colleague is ...*(Interruptions)*. Who is responsible ...*(Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Don't take cognizance of whatever a Member speaks while he is sitting. That will never go on record ...*(Interruptions)*. Let us not waste the time of the House.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: I should have taken this opportunity to criticize those people about Volkswagen, from which I restrain myself. You should be thankful to me. But I should be thankful to you for remembering it. What sort of products have you got? I am extremely sorry. Your own people are eating the money. They have taken Rs. 11 crores. A German officer is saing that he has given Rs. 6 crores to the people here. We will raise the issue tomorrow. For whose profit all these things are happening? I am very happy that the sensex has gone up to 7500 points. We are inviting foreign direct investment. The Honda company has started its own manufacturing unit. Sir, at whose behest, did these police officers behave? Are they in the pay role of this multi-national company or the Government? Sir, it is a very sorry state of affairs prevaling here. I fully agree with Mr. Nariman that the Government has become more insensitive, insensitive to the hunger deaths, insensitive to the farmers' deaths, insensitive to the workers' problem. I do not want to take political advantage of it because these things are heppening. But, to what extent, is the Government accountable and responsible? And, in this context, I should say what exactly has the Government decided with regard to the Supreme Court judgement regarding depriving the workers of their right to strike? The Government should come out clearly, or there should be a discussion on it. Such core issues are coming. It is very shameful that while discussion is going on, again the beating of the workers and lathi charge is also going on, when they went there to plead for their children. I am very sorry, I fully

condemn this incident. This compensation will never work. It is only to assuage the feelings of the workers temporarily. The core issue has to be settled. The vital issue has to be discussed in this august House. And, I demand of the Government, be genuine in your anguish, be genuine in your concern, and show it in action; order for judicial enquiry, initiate severe action against those officers who are trying to remind us of British hisotry, of Gen. Dyer. Thank you, Sir.

प्रो॰ राम देव भंडारी (बिहार): माननीय उपसभापति जी, आज सुबह से बहुत ही गंभीर विषय पर चर्चा हो रही है। कल गुडगांव में पुलिस द्वारा मजदूरों पर लाठीचार्ज हुआ, सभी टी॰वी॰ चैनलों पर हम सभी ने देखा है। आज के समाचार पत्रों में भी विस्तार से यह समाचार आया है। सभी दलों के लोगों ने इस घटना की निंदा की है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है जिस पर हम सभी चिंता व्यक्त करते हैं। बहुत ही सार्थक और गंभीर बहस की शुरूआत हुई थी। इस प्रकार की घटनाएं देश के किसी भाग में हों, उसमें गंभीरतापूर्वक सार्थक चर्चा होनी चाहिए और किसी प्रकार का राजनीतिक घालमेल नहीं होना चाहिए। महोदय, देश के सभी नागरिकों को, चाहे वह मजदूर हो या किसान हो, अपने अधिकार की लड़ाई लड़ने का हक है। मजदूर संघर्ष करते हैं, संघर्ष का माध्यम प्रदर्शन हो, धरना हो, जुलूस हो, अपने अधिकारों के लिए संविधान में संघर्ष करने का अधिकार दिया है। महोदय, कल जो घटना हुई, मैं अपनी पार्टी की ओर से उस घटना की निंदा करता हूं। महोदय, कुछ माननीय सदस्यों ने राज्य सरकार की चर्चा की है, मुख्य मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। मगर मैं मानता हूं कि इस घटना में जिन लोगों का हाथ है, जिन पुलिस अधिकारियों का हाथ है, उनके खिलाफ तो निश्चित रूप से कार्रवाई होनी चाहिए। जिस जांच की मांग की गई है, जुडिशियल इंक्वायरी की, उस जांच की मैं भी मांग करता हूं, जुडिशियल इंक्वायरी कराई जाए। महोदय, केन्द्रीय सरकार भी इस संबंध में बहुत गंभीर और चिंतित है। हमारे भारतीय जनता पार्टी के मित्रों ने भी कहा है कि प्रधान मंत्री जी ने अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की है, यू॰पी॰ए॰ की अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी ने भी बहुत गंभीर चिंता व्यक्त की है। मैं समझता हूं कि केन्द्रीय सरकार भी इस संबंध में बहुत ही गंभीर है और निश्चित रूप से स्टेट गवर्नमेंट को केन्द्रीय सरकार का निर्देशन होगा कि स्टेट गवर्नमेंट इस संबंध में जो भी कठोर कार्रवाई कर सकती है वह कठोर कार्रवाई करे और मजदूरों के हितों की रक्षा करे, यह कहते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री देवव्रत बिस्वास: माननीय उपसभापति महोदय, सदन में हम लोग जिस विषय के ऊपर आज यहां चर्चा कर रहें हैं, यह कल की जो घटना घटी है यह घटना हमारे देश के लिए, हमारे इस सदन के लिए भी एक बहुत ही शर्मनाक घटना है। आज इस सदन में काफी विषय हम लोगों के सामने आए, लेकिन बहुत से विषय अभी भी हम लोगों का जानना बाकी है। कल जिस तरह से हरियाणा की पुलिस ने, गुड़गांव में, वहां की मेनेजमेंट के साथ मिल करके मजदूरों के ऊपर हमला

किया यह आज सिर्फ गुड़गांव ही नहीं यह मैसेज विदेशी कम्पनी आज सारे हिन्दुस्तान में देना चाहती हैं कि मजदूर लोगों के संगठित होने का जो अधिकार है वह अधिकार किस तरह से हमारी सरकार के माध्यम से, चाहे वह कोई प्रांतीय सरकार हो, उसके माध्यम से कैसे कुचला जाएगा। हम लोगों ने, आपने और सारे देश ने, कल जो घटना हुई, उसको देखा है कि किस तरह से मजदूरों को घेरकर पीटा गया। अभी तक हम लोगों के पास यह खबर नहीं है कि इसमें कितने मजदूर मरे हैं। हम लोगों के पास जो खबर है, उसके अनुसार करीब-करीब सात मजदूरों की मौत हो गई है और कई सौ मजदूरों की ऐसी हालत हो गई है कि वे जिंदगी में कभी भी काम नहीं कर पायेंगे। किसी का सिर फूट गया है, किसी की हड्डी तोड़ी गई है, जिसकी वजह से वे कभी भी मजदूरी करने लायक नहीं रह गये हैं। यह घटना किसलिए घटी है, यह बात सदन में आई है। क्या वे लोग मजदूरी की मांग कर रहे थे? क्या उन लोगों की कोई दूसरी मांग थी, क्या उन लोगों की कोई आर्थिक मांग थी? उन लोगों की एक ही मांग थी कि वे लोग यूनियन बना सकें, वे लोग संगठित हो सकें। उसी के कारण वहां छंटनी होने लगी और छंटनी के बाद तालाबंदी और सारे हिन्दुस्तान में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के माध्यम से, दिल्ली के चारों तरफ जिस तरह से इन कम्पनियों में कोई मिनीमम वेजिज नहीं है, उन लोगों के लिए लेबर लॉ लागू नहीं है, अगर वे लोग संगठित होना चाहते हैं, तो उन्हें यूनियन भी नहीं बनाने दी जाती है।

महोदय, यह सिर्फ गुड़गांव की घटना नहीं है, सारे हिन्दुस्तान में जिस तरह से पिछले सालों में ये बातें चल रही हैं कि लेबर लॉ को कैसे तोड़े कि मजदूरों को उनका हक न मिल सके। केन्द्र में यूपीए की सरकार है। यहां कांग्रेस के नेतागण बैठे हैं, गृह मंत्री जी बैठे हैं, हम चाहेंगे कि सरकार की ओर से इसकी निंदा का बयान आये, सरकार इसकी जरूर निंदा करे और सिर्फ निंदा ही नहीं बल्कि ऐसा कदम उठाया जाना चाहिए जिसका कि सारे देश में यह मैसेस जाए कि मजदूरों को अपनी मांग उठाने का, उनको यूनियन बनाने का अधिकार है। इसीलिए हम लोगों की यह मांग है कि इस घटना की जुडिशियल इन्क्वायरी होनी चाहिए। जिन मजदूरों की मौत हुई है, जो मजदूर और कोई काम करने लायक नहीं रह गये हैं, उनको कम्पनसेशन देने की बात उठ रही है और हम लोग इसके बारे में जरूर केन्द्र सरकार से मांग करेंगे। केन्द्र सरकार के जो कार्यक्रम हैं, हम लोग उसमें यह बात उठाते हैं, बोलते हैं और इन्होंने इस बात को मान लिया है कि मजदूरों का मसला बातचीत के जरिये से हल किया जायेगा। लेकिन यहां बातचीत से नहीं, बल्कि पुलिस के माध्यम से मजदूरों की आवाज को दबाने का काम किया गया है। हमारी सरकार को यह बोलना पड़ेगा कि वह इस बात का समर्थन नहीं करती है।

उपसभापति महोदय, आज सारा सदन इस घटना की निंदा कर रहा है। लेकिन इस निंदा प्रस्ताव के साथ-साथ मजदूरों के पास सारे हिन्दुस्तान में यह संदेश जाना चाहिए कि इसके ऊपर कोई कार्रवाई हो रही है।

श्री उपसभापति: आप कन्क्लूड कीजिए।

श्री देवव्रत बिस्वास: सर, हम लोग देखना चाहते हैं कि सरकार की ओर से क्या कार्रवाई हो रही है। धन्यवाद।

श्री हरेन्द्र सिंह मलिक (हरियाणा): उपसभापति महोदय, मैं भी इस विषय पर बोलना चाहता हूँ। मेरा नाम भी लिस्ट में है।

उपसभापति: नाम तो बहुत से हैं। मगर होम मिनिस्टर का रिप्लाई होना है। ...*(व्यवधान)*...

श्री जनेश्वर मिश्र: सर, इनको बोल लेने दीजिए। ...*(व्यवधान)*...

श्री हरेन्द्र सिंह मलिक: उपसभापति महोदय, हरियाणा से पांच सदस्य हैं। मुझे भी बोल लेने दीजिए। ...*(व्यवधान)*...

श्री उपसभापति: अच्छा, आप बोलिए, लेकिन संक्षेप में बोलिए।

श्री हरेन्द्र सिंह मलिक: उपसभापति महोदय, कल की घटना से सभी दुखी हैं। यह घटना शर्मनाक है, दर्दनाक है और दुखदायी है, इससे सभी सहमत हैं। मेरा आपसे अनुरोध है कि इस घटना को चार चरणों में बांटा जाये।

उपसभापति महोदय, सबसे पहले मल्टी नेशनल के लोगों को सुपरमेसी दी गई, जब 18 दिसम्बर को इन्होंने फिजीकली मारपीट की थी, तो इनके खिलाफ जिला प्रशासन ने कार्यवाही क्यों नहीं की? दूसरी बात यह है कि कल की घटना जो मजदूरों के साथ हुई, यह न्यायिक जांच का विषय हो सकता है, परन्तु जिस तरीके से कचहरी में, मिनी सेक्रेटिएट में डी॰सी॰ के इशारे पर सिपाही ने लाठी का इस्तेमाल किया, एस॰एस॰पी॰ और सिटी मजिस्ट्रेट के और सी॰ओ॰ सदर भी इसमें रहा होगा, उनके इशारे पर यह मारपीट हुई है।

उपसभापति महोदय, यहां कार्यपालिका विधायिका से ऊपर जा रही है। पूरे देश में यह हालत है कि अधिकारी जो चाहता है वह कर देता है और हम विधायिका के लोग उनको डिफेंड करने के लिए खड़े हो जाते हैं। यहां विधायिका को दोष देने का सवाल नहीं है। सवाल यह है कि कार्यपालिका के लोगों में, जिस तरीके से ऐडमिनिस्ट्रेशन के लोगों में आईएएस कल भी वही था, आज भी वही है, आईपीएस भी वही था। मान्यवर, मैं यह कहना चाहता हूं और सरकार से यह मांग करता हूं कि वह यह घोषणा करे कि उनके खिलाफ सीधा-सीधा अगर वहां मजदूरों की मौत हुई है तो 302 का मुकदमा एसएसपी और डीसी के खिलाफ दर्ज होना चाहिए, सिटी मजिस्ट्रेट और डिप्टी एसपी, सिटी के खिलाफ होना चाहिए। सिपाही बेचारे का दोष तो केवल इतना है कि उसने उसके गलत आदेश का पालन किया, आदेश तो उन्होंने जारी किए। मान्यवर, मैं सरकार से यह अनुरोध करना चाहता

हूं कि मजदूर वास्तव में मजदूरी करने योग्य नहीं रह गया है। आप एक सदस्य बताएं जिसने कभी जीवन में ऐसा हादसा देखा हो कि सिर पर हाथ रखे हुए मजदूर बैठा है और ऊपर से लाठी चल रही हैं, घेरकर चला रहे हैं। जिस तरह कुत्ते-बिल्ली को खींचा जाता है, पैर पकड़कर खींच करके मारा जा रहा है। यह शर्मनाक घटना है और मुझे इस बात का अफसोस है। सभी राजनैतिक दलों ने इसकी निंदा की है, सबने इसको गलत बताया है लेकिन उसके बाद कार्यवाही में विलम्ब नहीं होना चाहिए। मान्यवर, मेरा अनुरोध है कि उन मजदूरों को, जिनके हाथ टूट गए, जिनकी केज्युएलिटी है, उनको कम्पेनसेट करना चाहिए। सर, जो सुपरमेसी होंडा मोटरसाइकिल के साथ बरती गयी है, उसके उस अधिकारी के विरुद्ध भी रिपोर्ट दर्ज होनी चाहिए। जिसने 18 तारीख को लात से मजदूर को मारा था, मान्यवर, यह श्रम कानून का harassment है। अगर श्रम कानूनों की अनदेखी न होती और सुपरमेसी मल्टीनेशनल्स को न दी जाती तो यह घटना न घटी होती। मेरा आपसे अनुरोध है कि इनको कम्पेनसेट करो, इनका पूरा वेतन दिलवाओ और जो मजदूर अयोग्य हो गए हैं, मेडिकल के बाद, उनको ताज़िंदगी पेंशन भी मिलनी चाहिए।

गृह मंत्री (श्री शिवराज वी॰ पाटिल): श्रीमान, यहां पर जो चर्चा अभी हुई, सरकार की ओर से हमने हर मुद्दे को, जो माननीय सदस्यों की तरफ से उठाए गए हैं, बहुत ही गौर से सुना है और जो भी यहां पर कहा गया है, उसे हम बहुत ही गंभीरता से लेना चाहेंगे। जो भी मांगें सदस्यों की ओर से इस संबंध में की गयी हैं, उन पर हम किस प्रकार से अमल कर सकते हैं, यह जरूर देखेंगे, इतना मैं सरकार की ओर से सबसे पहले बताना चाहता हूं। ...*(व्यवधान)*... कल जो हुआ है, वह अनफॉर्चुनेट है। उसके बारे में सदन में, सदस्यों ने भी अपनी भावना व्यक्त की है और बाहर भी दूसरे पक्ष के नेता ने भी इसके बारे में अपनी भावना व्यक्त की है, प्रधानमंत्री जी ने भी भावना व्यक्त की है। इसी को ध्यान में रखते हुए जो भी कार्यवाही कर सकते हैं, करनी चाहिए, वह की जाएगी-यह मैं यहां पर बताना चाहता हूं। कल जब यह हादसा हुआ, तब हमने हरियाणा की सरकार की ओर से इसके बारे में मालूमात लेने की कोशिश की और जो भी मालूमात हमारे पास आए हुए हैं, उनके आधार पर मैं यहां पर अपना स्टेटमैंट कर रहा हूं। और अधिक मालूमात भेजने के लिए भी उन्हें कहा गया है। वे पूरे मालूमात डिटेल में आने के पश्चात अगर इसकी जरूरत होगी और ऐसी मांग होगी तो उसके बारे में भी यहां पर स्टेटमेंट किया जा सकता है। कल के बारे में जो हमें बताया गया, वह यह है कि बहुत सारे कर्मचारी प्रोसैशन में निकले हुए थे और जिस हिस्से से वे गुजर रहे थे, वहां पर क्रिमिनल प्रोसीजर कोड के, 144 के प्रोहीबिटरी ऑर्डर्स ईश्यू किए गए थे। वहां पर जब देखा गया कि सिचुएशन ऐसी हो रही है कि वह कंट्रोल के बाहर जा रही है तो उसमें लाठी चार्ज किया गया।

श्री बलबीर के॰ पुंज: यह गलत है।

श्री उपसभापति: उन्हें बोलने दीजिए।...*(व्यवधान)*...

श्री शिवराज वी॰ पाटिल: हमें बताया गया है कि उस लाठी चार्ज में करीब 92 परसन्स इंजर्ड हो गए और उनको ...*(व्यवधान)*...

श्री जनेश्वर मिश्र: माननीय गृह मंत्री जी ...*(व्यवधान)*...

श्री उपसभापति: मिनिस्टर साहब अपना बयान दे रहे हैं, इसको कैसे रोक सकते हैं? ...*(व्यवधान)*...

श्री जनेश्वर मिश्र: सर, सुनिए .... एक मिनट सर ...*(व्यवधान)*...

श्री उपसभापति: आप बैठिए।...*(व्यवधान)*...

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN: Sir, we are walking out of the House because he is defending the Haryana Government. ...*(Interruptions)*...

[*At this stage some hon. Members left the Chamber.*]

श्री उपसभापति: यह क्या बात है? ...*(व्यवधान)*...

श्री जनेश्वर मिश्र: सर, हम दूसरी बात कह रहे हैं। माननीय गृह मंत्री जी राज्य सरकार से रिपोर्ट लेकर बयान दे रहे हैं।...*(व्यवधान)*... इन्होंने मीडिया, टेलीविज़न नहीं देखा है। अगर ये देखते तो इनका बयान बदल जाता।...*(व्यवधान)*...

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Give me one minute, Sir. ...*(Interruptions)*...

Please give me one minute. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You don't want to listen to the Minister's statement. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सर, काश गृह मंत्री जी ने टेलीविज़न पर यह दृश्य देखा होता? ...*(व्यवधान)*...

श्री दिनेश त्रिवेदी: सर, उन मज़दूरों को बेंतों से मारा गया है। सारे टेलीविज़न चैनलों ने दिखाया कि उनको बेंतों से मारा गया है।...*(व्यवधान)*...

श्री शिवराज वी॰ पाटिल: डिप्टी चेयरमैन साहब, मैं यह कहना चाहूंगा कि सात सौ लोगों को ...*(व्यवधान)*... श्रीमन्, मैं यह कहना चाहूंगा ...*(व्यवधान)*... आप बात तो सुनिए। ...*(व्यवधान)*... आप पूरी बात तो सुनिए।...*(व्यवधान)*...

श्री जनेश्वर मिश्र: सर, इस तरह से बयान कैसे होगा? ...*(व्यवधान)*...

श्री दिनेश त्रिवेदी: सर, सारे टेलीविज़न चैनलों ने दिखाया।

श्री उपसभापति: मिस्टर त्रिवेदी, आप मंत्री जी को पूरी बात नहीं कहने दे रहे हैं तो वे क्या बात करेंगे? ...*(व्यवधान)*...

श्री जनेश्वर मिश्र: सर, वे स्टेट गवर्नमेंट का बयान पढ़ रहे हैं। ...*(व्यवधान)*...

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Under protest we are walking out. Wrong information is being given by the hon. Minister. It is very sad that being the Home Minister of this country he is giving wrong information to this August House. So, we are walking out, Sir.

[At this stage some hon. Members left the Chamber.]

श्री शिवराज वी॰ पाटिल: श्रीमन, मैं यह बताना चाहूंगा ...*(व्यवधान)*...

श्री उपसभापति: वे बोल रहे हैं, सात सौ का फिगर वे बोल रहे हैं। ...*(व्यवधान)*...

श्री शिवराज वी॰ पाटिल: सर, सात सौ लोग ज़ख्मी हुए या 92 लोग ज़ख्मी हुए, यह इनक्वायरी रिपोर्ट आने के बाद साबित होगा। हमको जो इनफॉर्मेशन यहां पर दी गई है, वह मैं बता रहा हूं और उस मौके पर हम लोग वहां नहीं थे। ...*(व्यवधान)*...

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: सर, टी॰वी॰ पर सब दिखाया कि पुलिस ने कैसे कान पकड़ कर, मुर्गा बना-बना कर उन मज़दूरों को चलाया। यह सारा टी॰वी॰ पर दिखाया गया। ...*(व्यवधान)*...

श्री शिवराज वी॰ पाटिल: जो इनफॉर्मेशन मैं यहां दे रहा हूं, वह इनफॉर्मेशन सही है या गलत है, यह साबित करने के लिए ही मैजेस्टीरियल इनक्वायरी वहां पर कंस्टीट्यूट की गई है। उसकी रिपोर्ट भी यहां पर आ सकती है और अंत में हम निर्णय कर सकते हैं कि कितने लोग ज़ख्मी हुए। मुझे जो मालूमात हैं ...*(व्यवधान)*...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सर, यह बयान नहीं, लीपा-पोती है। ...*(व्यवधान)*... ये लीपा-पोती कर रहे हैं। ये उस घटना को जस्टिफाई कर रहे हैं, इसलिए हम वॉकआउट कर रहे हैं। ...*(व्यवधान)*...

श्री जनेश्वर मिश्र: सर, यह बयान नहीं है। वहां के अफसरों ने जो लिखकर भेजा है, ये उसको पढ़ रहे हैं। भारत के गृह मंत्री का काम यह नहीं होगा कि अफसरों की रिपोर्टों को हाऊस में पढ़ें, इसलिए ये अपने बयान को ठीक करें, अपने बयान को करेक्ट करें। Sir, give him time to amend the statement.

श्री उपसभापति: आप उनसे क्लैरिफिकेशन्स पूछिए। ...*(व्यवधान)*... उनको सुन लीजिए, बाद में आप क्लैरिफिकेशन्स पूछ लीजिएगा। ...*(व्यवधान)*...

श्री जनेश्वर मिश्र: इनका यह बयान हम नहीं सुन सकते हैं, हम भी वॉकआउट कर रहे हैं।

श्री शिवराज वी॰ पाटिल: श्रीमन्, मैं यह कह रहा था कि पहले जो ...*(व्यवधान)*...

श्री कमाल अख्तर (उत्तर प्रदेश): सर, बड़े अफसोस की बात है कि हिन्दुस्तान के गृह मंत्री को नहीं मालूम कि कितने लोग ज़ख्मी हुए हैं, जबकि पूरे हिन्दुस्तान को यह मालूम है। हम भी वॉकआउट कर रहे हैं।

[तत्पश्चात कुछ माननीय सदस्य सदन त्याग कर गए।]

श्री शिवराज वी॰ पाटिल: सर, हमें जो मालूमात हुए हैं सरकार की ओर से, वे मालूमात मैं यहां पर सदन में रख रहा हूं। अगर वे गलत हों, तो वह मैजेस्टीरियल इनक्वायरी के अंदर भी सिद्ध हो सकता है। फिर अंत में, उनका कहना सही है या स्टेट गवर्नमेंट का बताया हुआ सही है, इसके ऊपर हम ज़रूर निर्णय ले सकेंगे। मैं यह कह रहा था कि हमारे मालूमात के मुताबिक 92 लोग ज़ख्मी हुए थे, उनको हॉस्पिटल में ले जाया गया था। उनमें से 45 लोगों को डिस्चार्ज किया गया है और सरकार के, पुलिस के जो लोग हैं, उसमें 32 लोग ज़ख्मी हुए हैं और वहां का जो डी॰एस॰पी॰ है, उसके दोनों हाथ भी टूट गए हैं। सरकार की जो जीप थी, जिसमें बैठकर वे जा रहे थे, उसको भी जलाया गया। दूसरे जो दो व्हीकल्स थे, उनको भी इसमें जलाया गया। यह कहा गया था, कल भी कहा गया था और शायद आज भी ऐसा आ रहा था कि किसी की हत्या हो गई है। मुझे बार-बार बताया गया है कि किसी की भी हत्या वहां पर नहीं हुई है। यह हमने जानने की कोशिश की कि हत्या नहीं हुई है। इसके बाद आज भी मुझे यहां पर बताया गया है कि आज भी वहां पर लाठी चार्ज हुआ या नहीं हुआ, इसके बारे में वे सरकार से जानना चाहते थे। हमने वहां से मालूमात की तो यह बताया गया कि वहां पर आज कोई लाठी चार्ज नहीं हुआ है। यह बताया गया है कि हॉस्पिटल में जो इन्जर्ड लोग थे, उनके देखने के लिए जब कोई अधिकारी गए थे, तो वहां पर थोड़ा सा एक-दूसरे को धकेलने का काम हुआ है। इसके बाद वहां पर किसी प्रकार का भी लाठी चार्ज नहीं हुआ है। वहां पर कल मुख्य मंत्री जी गए थे। मुख्य मंत्री जी ने सब लोगों को देखने के बाद, कह दिया है कि मैजिस्टेरियल इन्क्वायरी होगी, उसकी रिपोर्ट 15 दिन के अंदर आ आएगी। इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा, उसको कानूनन सजा दी जाएगी। ...*(व्यवधान)*... सज़ा और शिक्षा दोनों का एक ही अर्थ होता है, पनिशमेंट दी जाएगी। ...*(व्यवधान)*... तो उसको वह पनिशमेंट दी जाएगी, यह बताया गया है। अभी यहां पर बहुत से सदस्यों ने उठकर कहा कि 'मैजिस्टेरियल इन्क्वायरी इज नोट एनेफ,' उन्होंने कहा कि यह ज्यूडिशियल इन्क्वायरी होनी चाहिए। श्रीमन्, हम इसके बारे में यह कह रहे हैं और सदन में खड़े होकर कह रहे हैं कि किस प्रकार की इन्क्वायरी होनी चाहिए, वह उस स्टेट गवर्नमेंट की तरफ से तय की जाती है। मगर यहां सदन में, सदस्यों ने कहा है कि ज्यूडिशियल इन्क्वायरी होनी चाहिए, इसको ध्यान में रखकर हम उनके पास यह बात पहुंचा देंगे और जो भी इसमें करना जरूरी है, हम वह करने की कोशिश करेंगे। हम यह बात ध्यान में रखकर करेंगे कि जो वर्कर है, काम करने वाला आदमी है, कामगार है, उसके हितों के खिलाफ बात हो या उसको कोई नुकसान हो, ऐसा कुछ नहीं होना चाहिए। उसके साथ-साथ सरकार को वहां पर कानून बनाए रखना भी जरूरी है, वह काम करना भी जरूरी है। इस सदन में और दूसरे सदन में भी ये जो भावनाएं सदस्यों ने व्यक्त की हैं, वर्कर के फेवर में, उनके बाजू से, सारे नेताओं ने, हमारी नेता ने और हमारे प्रधानमंत्री जी ने तथा दूसरी पार्टी

के सदस्यों ने भी यहां पर की हैं, इन बातों को नजर-अंदाज नहीं किया जा सकता और न ही किया जाएगा। कानूनन हम जो भी कर सकते हैं, उसको हम जरूर करेंगे और हमारी यह कोशिश रहेगी कि सदन में जो हमारे साथियों ने कहा है, उसके मुताबिक कानूनन कुछ कार्यवाही हो सकती है, तो होगी! उसके अंदर कोई भी अड़चन नहीं आनी चाहिए। इस प्रकार से देखकर हम करेंगे। यह हमारी सरकार का नजरिया है, दृष्टिकोण है। जो कुछ हुआ है, उसके लिए हम भी दुखी हैं, सभी दुखी हैं। यह सब नहीं होना चाहिए था, ऐसा हमें भी लगता है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Jethmalani, the debate is over. Do you want to say something?

SHRI RAM JETHMALANI (Maharashtra): Sir, I just want to say one thing. First of all, merely because an order under section 144 is in operation and somebody comes and makes a breach of that order is not a justification for a *lathicharge*. A *lathicharge* can only be resorted to if those people, by their conduct, are endangering the safety of the police, the police find no other method of safeguarding themselves and safeguarding themselves from hurt and injury, and they used reasonable force for retaliation. Now, this is the law. Therefore, what is of importance in these matters is: Who are the aggressors first? Merely because section 144 is there, people can say, "Well, we are committing a breach of your 144, please prosecute us". You are only entitled to arrest them, take them to a police station and ultimately prosecute them in a court of law. Today, what is important is: What is the first immediate version coming from the Government side as to the circumstance under which this lathicharge started? The police, unfortunately, in this country has unlimited capacity to fabricate false evidence. Today the House should know what the immediate version is. What was it that led the police to *lathicharge*? What was the danger that they apprehended to their life and liberty? Why was it necessary to use this kind of force?

Sir, I only wish to say this. I don't wish to prejudge any issue. But looking at the television and looking at the newspaper pictures, it does appear to me *prima facie,* at least, a case of unbridled, limitless and avoidable brutality.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: I have been very careful. I have received the version given by the State Government. We have also heard the hon. Members who spoke here. In the other House, one of the hon. Members who had gone to the spot and met the people there, has also given his version. I think two hon. Members of this House also had gone there. There is a contradiction between the two statements which have been received by us. So I have tried to avoid the contradiction. Why have I tried

to avoid the contradiction? As the matter is being inquired into by the Magistrate and as there has been demand for a judicial inquiry, we would not like to create a situation in which people might form their own opinion, this way or that way, without fully hearing both the sides. The facts which I have given to the hon. House are these. There was confusion. There was a *lathicharge*. Did the *lathicharge* start because somebody was assaulted? Thirty-five policemen have been injured. Both the hands of the main officer have been broken and three vehicles have been set on fire. So, we have not taken any stand, either this side or that side. We have tried to be as judicious as possible. We are leaving it to the Magisterial inquiry to bring out the facts. If there has to be any other kind of inquiry, it is left to the State Government to decide what kind of inquiry they would like to have. They can decide on that. We have tried to be as judicious as possible. At the same time, we have sympathy for the workers and we also have sympathy for those people who have to maintain law and order. We have to be correct to both the sides.

SHRI VAYALAR RAVI: Sir, I want to seek one clarification.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The discussion is over.

SHRI VAYALAR RAVI: Will the hon. Minister use his good offices to sort out the real issues concerning the workers?

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: This is a good point. We cannot be insensitive to these issues. I will certainly pass it on to the concerned Ministry. If I can use my good offices, I will try to do that. We will not be insensitive.

SHRI V. NARAYANASAMY: Sir, there is a consensus in the House that there should be a judicial inquiry.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This is what is being said.

SHRI V. NARAYANASAMY: Sir, he should consult the State Government.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The discussion is over.

WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS

Credit rating system for small and medium scale enterprises

*21. SHRI JESUDASU SEELAM:
DR. T. SUBBARAMI REDDY:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state: